parya

xiphi

आ॰ 684
दि॰ 16/12/24

# पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ

भूतल, स्टेट बैंक के पास, विन्ध्यांचल भवन, भोपाल 462004
दूरभाष क्रमांक 0755–2576141, 2576140
E-Mail: pkldrsv@gmail.com & website: www.Pkldrsv.mp.gov.in

क्रमांक 673/फा–1(23)/2024–25/तीन (दो)/सं. वि., भोपाल, दिनांक 12.12.2024

प्रति,

प्राचार्य,

विषयः– विश्वविद्यालयीन/महाविद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन।
संदर्भः– क्रमांक 605/फा–1(23)/2024–25/तीन (दो)/सं. वि., भोपाल, दिनांक 06.11.2024।

––00––

संदर्भित पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालयीन/महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु अनुरोध किया गया था।

2. संसदीय विद्यापीठ के पत्र क्रमांक 663, दिनांक 04.12.2024 के द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विषय को निरस्त कर दिया गया था।

3. संसदीय विद्यापीठ द्वारा पुनः **"भारतीय संस्कृति लोकतंत्र की धरोहर है"** विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है।

4. विद्यापीठ कार्यालय में निबंध प्रविष्टियां प्राप्त होने की अंतिम दिनांक 28 फरवरी, 2025 है।

5. कृपया आप अपने शिक्षण संस्थान से **अधिकतम चार उत्कृष्ट प्रविष्टियां** ही भेजने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि के पश्चात् एवं चार से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त होने पर समस्त प्रविष्टियों को अमान्य किया जावेगा।

संलग्न– नियम एवं शर्तें।

(राजेश अग्रवाल)
उप संचालक

## नियम–शर्तें

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विषय | भारतीय संस्कृति लोकतंत्र की धरोहर है। |
| 2 | प्रतिभागी | मध्यप्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के विद्यार्थी। |
| 3 | प्रतिभागियों की संख्या | **एक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से अधिकतम चार उत्कृष्ट प्रविष्टियां** |
| 4 | शब्द व पृष्ठ सीमा | **2500 शब्द एवं ए–4 साईज के लगभग 10 पृष्ठ ( शब्द एवं पृष्ठ सीमा का विशेष ध्यान रखें )** |
| 5 | भाषा | हिन्दी अथवा अंग्रेजी |
| 6 | अंतिम दिनांक | 28 फरवरी, 2025 |
| 7 | निबंध भेजने की प्रक्रिया | 1 निबंध कुलपति/प्राचार्य के हस्ताक्षर, सील सहित एवं टंकित/स्पष्ट हस्तलिपि में होना अनिवार्य है।<br>2 निबंध मौलिक, स्वरचित तथा अप्रकाशित है, ऐसा प्रमाण–पत्र अंकित करना अनिवार्य है।<br>3 **प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या अंकित करना अनिवार्य है।**<br>4 प्रत्येक पृष्ठ के बायीं ओर छः सेंटीमीटर रिक्त स्थान छोड़ना अनिवार्य है।<br>5 **निबंध के अन्त में स्वयं का तथा विश्वविद्यालय/महाविद्यालय का पूरा नाम, पता, दूरभाष/मोबाईल क्रमांक एवं ई–मेल अंकित करना अनिवार्य है।**<br>6 संचालक, पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ, विंध्याचल भवन, भोपाल 462004 के नाम से डाक द्वारा या कार्यालयीन समय में **दिनांक 28 फरवरी, 2025 तक प्राप्त होने वाली प्रविष्टियां ही स्वीकार की जाएंगी।** निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाली प्रविष्टियों को मान्य नहीं किया जाएगा। **ई–मेल पर भेजी गई प्रविष्टियां अस्वीकार मानी जायेंगी।** |
| 8 | मूल्यांकन बिन्दु | निबंध का मूल्यांकन निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा– |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निबंध की विषय वस्तु | 30 |
| 2 | लेखन तथा घटनाओं की क्रमबद्धता | 25 |
| 3 | विचारों की प्रासांगिकता | 25 |
| 4 | भाषा की शुद्धता | 20 |
| | कुल अंक | 100 |

**9 पुरस्कार** — पुरस्कार संख्या तथा राशि निम्नानुसार है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम | एक | 9,000/– + कप/शील्ड |
| 2 | द्वितीय | एक | 7,500/– + कप/शील्ड |
| 3 | तृतीय | एक | 6,000/– + कप/शील्ड |
| 4 | प्रोत्साहन | दो | 3,000/– (पृथक–पृथक) |

ऐसे प्रतिभागी जिनके नंबर 50 या इससे अधिक आयेंगे उनको ही ई–प्रमाण–पत्र ई–मेल पर भेजे जाएंगे।

**10 नोट–**

| | |
|---|---|
| 1 | **उपर्युक्त नियम–शर्तों की पूर्ति करने वाले विद्यार्थियों के निबंध प्रविष्टियों को ही प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाएगा।** |
| 2 | प्रतियोगिता का परिणाम **अप्रैल–मई, 2025** में घोषित कर विद्यापीठ की बेवसाईट पर अपलोड किया जायेगा। **www.pkldrsv.mp.gov.in** बेवसाईट का उपयोग कर प्रतिभागी प्रतियोगिता का परिणाम देख सकेंगे। परिणाम की सूचना केवल विजेता प्रतिभागियों को ही दी जाएगी। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार संसदीय विद्यापीठ के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में दिए जाएंगे। |
| 3 | घोषित परिणाम अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। |
| 4 | भोपाल से बाहर के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्राप्त करने भोपाल आने तथा वापस जाने का स्वयं एवं एक शिक्षक/अभिभावक को द्वितीय श्रेणी स्लीपर का किराया टिकट प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन निफ्ट के माध्यम से प्रतिभागी के बैंक खाते में भुगतान किया जाएगा। |
| 5 | पुरस्कार वितरण समारोह में अनुपस्थित विजेता प्रतिभागियों के पुरस्कार संबंधित शिक्षण संस्थान के कुलपति/प्राचार्य को भेजे जाएंगे। |

(राजेश अग्रवाल)
उप संचालक